प्रधान मंत्री आवास योजना-शहरी
Pradhan Mantri Awas Yojana-Urban

# LHP, राँची में फ्लैट लेने के लिए बढ़ाई गई आवेदन की तिथि

## तिथि बढ़ी... लाइट हाउस के लिए अब 15 तक दे सकते हैं आवेदन

### लाइट हाउस में 1008 फ्लैट बन रहे हैं, आवेदन 1305 आए

सिटी रिपोर्टर | रांची

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत धुर्वा के आनी टोला बन रहे लाइट हाउस प्रोजेक्ट में फ्लैट लेने के लिए अब लोगों की भीड़ उमड़ने लगी है। मंगलवार शाम तक कुल 1305 आवेदन निगम में जमा हो गए। हालांकि दो बार तिथि बढ़ाने के बाद भी फ्लैट की संख्या से दोगुना आवेदन नहीं पहुंचा तो निगम ने एक बार फिर आवेदन जमा करने की तिथि 15 दिनों के लिए बढ़ा दी है। अब 15 सितंबर तक लाइट हाउस में फ्लैट लेने के लिए आवेदन किया जा सकता है।

**फ्लैट से अधिक आवेदन होने पर होगी लॉटरी :** लाइट हाउस प्रोजेक्ट में 1008 फ्लैट बन रहे हैं। लेकिन अब फ्लैट के लिए 1305 आवेदन आ गए हैं। ऐसे में आवेदन करने वाले सभी लोगों को फ्लैट नहीं मिलेगा। निगम ने आवेदन की तिथि एक बार फिर बढ़ा दी है। ऐसे में आवेदकों की संख्या बढ़ने पर लॉटरी के माध्यम से फ्लैट का आवंटन होगा। हालांकि, निगम की मंशा है कि जितने अधिक आवेदन आएंगे, उतना अधिक कमाई होगी। आवेदन पत्र के साथ सिक्योरिटी मनी के रूप में 5 हजार लिए जा रहे हैं।

**नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार**